स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 48, दिनांक 31–01–2025

साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में जमीन/प्लाट के नाम पर इनवेस्ट कराकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य एवं जनपद सुलतानपुर से रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त शाहिद अख्तर पुत्र अब्दुल नियाज अंसारी जनपद सुलतानपुर से गिरफ्तार।

दिनांक 30–01–2025 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में जमीन/प्लाट के नाम पर इनवेस्ट कराकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर, जनपद सुलतानपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 264/2022, मु0अ0सं0 265/2022 एवं मु0अ0सं0 266/2022 में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त शाहिद अख्तर पुत्र अब्दुल नियाज अंसारी को जनपद सुलतानपुर से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–

1– शाहिद अख्तर पुत्र अब्दुल नियाज अंसारी, निवासी 236जी/18डी/1ए करेला बाग, जीबीटी नगर, थाना करेली, जनपद प्रयागराज।

गिरफ्तारी का स्थान/दिनांकः–

सीतामढ़ी ढाल, थाना को0नगर, जनपद सुलतानपुर। दिनांक 30–01–2025, समय 17.20 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री प्रमेश कुमार शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ उ0प्र0 के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के क्रम में दिनांक 30–01–2025 को एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई अयोध्या टीम जनपद सुलतानपुर में भ्रमणशील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना कोतवाली नगर, जनपद सुलतानपुर में पंजीकृत अभियोगों में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त शाहिद अख्तर सीतामढ़ी ढाल, थाना कोतवाली नगर, सुलतानपुर के पास मौजूद है, जो कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर उ0नि0 श्री सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में मु0आ0 संतोष सिंह, मु0आ0 राजकुमार शुक्ला, मु0आ0 रजनीश सिंह, मु0आ0 नीरज सिंह, मु0आ0 विमलेन्द्र मोहन मिश्रा की टीम द्वारा ज्ञात स्थान पर पहुॅचकर वांछित अभियुक्त को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त शाहिद अख्तर ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष–2012 से वर्ष–2018 तक साइन सिटी कम्पनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहा था तथा कम्पनी के एम0डी0 आसिफ नसीम के सहायक के रूप में भी कार्य करता था। आसिफ नसीम ने इसके काम एवं विश्वश्नीयता को देखते हुए जनपद सुलतानपुर में शुरू की गयी कम्पनी की नयी साइट साइन सिटी प्रोक्सिमा डेपलपर्स में इसको बतौर पार्टनर रजिस्टर्ड कराया था। कम्पनी के भाग जाने पर कम्पनी में पार्टनर होने के होने कारण इसके विरूद्ध की कार्यवाही

प्रचलित थी और अभियोग में नाम प्रकाश में आया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर उधर स्थान बदल कर रह रहा था।

<u>अभियुक्त शाहिद अख्तर पुत्र अब्दुल नियाज अंसारी का ज्ञात आपराधिक इतिहास निम्नवत है–</u>

क्र0सं0	**मु0अ0सं0**	**धारा**	**थाना**	**जनपद**
1	264/2022	409, 420, 467, 468, 471, 427, 120बी भा0द0वि0	कोतवाली नगर	सुलतानपुर
2	265/2022	409, 420, 467, 468, 471, 427, 120बी भा0द0वि0	कोतवाली नगर	सुलतानपुर
3	266/2022	409, 420, 467, 468, 471, 427, 120बी भा0द0वि0	कोतवाली नगर	सुलतानपुर

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर, जनपद सुलतानपुर में पंजीकृत उपरोक्त मुकदमों में दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्थानीय द्वारा प्रचलित है।